तापमान
अधिकतम 31.4 डिग्री
न्यूनतम 16.6 डिग्री

हरिभूमि
# बालोद भूमि
रायपुर, सोमवार 30 सितंबर 2024


08 बैज बोले- न्याय यात्रा का मकसद प्रदेश को बचाना और शांति ...



09 रामधुनी स्पर्धा में मथुराडीह धमतरी की मंडली को ...







# नवरात्रि की तैयारियां जोरों पर, मंदिरों में हो रही साफ-सफाई, बनाए जा रहे पंडाल

हरिभूमि न्यूज ▶▶| गुरूर


पितृ. पक्ष समाप्त होने के दूसरे ही दिन नवरात्रि की शुरुआत हो जाएगी। इस बार शारदीय नवरात्रि 3 अक्टूबर से प्रारंभ हो रही है। जिले के साथ ही गुरूर अंचल में भी नवरात्रि की तैयारियां तेज हो गई हैं। क्षेत्र के प्रसिद्ध धार्मिक मां सियादेवी मंदिर ग्राम नारागांव, कंकालिन मैया मंदिर ग्राम कनेरी, दुर्गा मंदिर तार्री, देउर मंदिर गुरुर, मावली माता मंदिर पुरुर, चंडी मंदिर कंवर, दुर्गेशधाम भुलनडबरी सहित ग्रामीण क्षेत्रों में भी माता मंदिरों में शारदीय नवरात्रि की तैयारी चल रही है। मंदिरों की साफ-सफाई कर रंग रोगन किया जा रहा है। इसके साथ ही विभिन्न स्थानों में पंडाल बनाकर मां दुर्गा के विभिन्न रूपों की स्थापना की जाती है। इसके लिए आयोजन समितियों द्वारा पंडाल बनाए जाने का कार्य जारी है।

गुरुर सहित ग्राम बोडरा, भरदा, तार्री पलारी जैसे अन्य स्थानों पर मूर्तिकारों द्वारा मां दुर्गा की मूर्तियों का निर्माण किया जा रहा है। 3 अक्टूबर से प्रारंभ हो रहे नवरात्रि के बाद क्षेत्र में पूरे 9 दिनों तक विभिन्न धार्मिक कार्यक्रम होंगे और भक्तिमय वातावरण रहेगा।

## आगामी 3 अक्टूबर से होगी शारदीय नवरात्रि की शुरुआत

### पंडालों का डिजाइन आकर्षक

नगर सहित ग्रामीण अंचलों में दुर्गा पंडाल अंतिम रूप ले रहे हैं। नगर में वार्ड क्रमांक 1, बस स्टैंड, बाजार चौक, टिकरापारा, शांतिनगर में माता दुर्गा की स्थापना की तैयारी समिति द्वारा जोरों से की जा रही है। अलग- अलग डिजाइन में दुर्गा पंडाल बनाए जा रहे हैं। पंडालों में लाइटिंग व्यवस्था के साथ झालरों से सजाया जा रहा है, जिससे यह रात में भी आकर्षण का केन्द्र बन सके।



### काल भैरव देऊर मंदिर में तैयारी अंतिम चरण में

गुरूर। नवरात्रि पर्व के लिए नगर में स्थित काल भैरव देऊर मंदिर में माता दुर्गा प्रतिमा स्थापना की तैयारी जोरों से चल रही है। दुर्गा पंडाल को अंतिम रूप दिया जा रहा है। यहां का पंडाल नगर सहित आज पास के लोगों के लिए आकर्षण का केंद्र बना रहता है। दुर्गा पंडाल के साथ नवरात्रि की तैयारी भी पूरी हो गई है। मंदिर में मनोकामना ज्योति भी प्रज्ज्वलित की जायेगी, जिसकी तैयारी पूरी हो चुकी है। समस्त कार्य मंदिर के आचार्य पंडित सुरेश पाण्डेय के मार्गदर्शन में हो रहा है।

## खबर संक्षेप

### गुण्डरदेही-धमतरी मार्ग में गड्ढों ने बढ़ाई परेशानी



**बालोद/कलंगपुर।** क्षेत्र में लगातार बारिश के कारण गुण्डरदेही से धमतरी मुख्य मार्ग पर कई जगहों पर गहरे गड्ढे हो गए हैं। इन गड्ढों में फंसकर अक्सर दो पहिया वाहन चालक गिर जाते हैं। कलंगपुर के नजदीक भटगांव पेन्डरी चौक के आस-पास मुख्य सड़क पर बहुत से गड्ढे हैं, जिनमें बारिश का पानी भर जाने से गड्ढों का पता नहीं चलता है और दो पहिया वाहन चालक दुर्घटना का शिकार हो जाते हैं।संबंधित विभाग द्वारा इन गड्ढों में गिट्टी एवं मुरुम व मिट्टी डालकर भर दिया जाता है, लेकिन जैसे ही बारिश होती है तो बड़े वाहनों के दबाव से गड्ढों में डाली गई गिट्टी-मुरुम पुनः उखड़ जाती है, जिससे स्थिति फिर पहले की तरह हो जाती है।

### सीएमओ ने किया नगर के वार्डों का निरीक्षण



**डौंडीलोहारा।** मुख्य नगरपालिका अधिकारी नगर पंचायत डौण्डीलोहारा अशोक चौबे ने 28 सितंबर को प्रातः 8 बजे वार्डों का निरीक्षण किया। इस दौरान उन्होंने वार्ड क्र.14 काली मंदिर के समीप कचरा साफ करने के लिए आदेशित किया गया। वार्ड क्र.14 में अधूरी नाली निर्माण के संबंध में जानकारी ली गई। नाली निर्माण कार्य के दौरान निकाली गई मिट्टी के ढेर को ठेकेदार को तत्काल हटाने एवं मरम्मत कार्य को जल्द पूरा करने को कहा। सरस्वती शिशु मंदिर विद्यालय के आस-पास भवन निर्माण सामग्री को हटाने व वार्ड क्र. 15 में नालियों पर रख लकड़यों और निर्माण सामग्री को हटाने के लिए तत्काल आदेशित किया गया। निरीक्षण के दौरान नारायण सिन्हा पार्षद वार्ड क्र.14, अनिता साहू पार्षद वार्ड क्र.15 उपस्थित रहे। वार्डवासियों की समस्याओं की सुनवाई करते हुए तत्काल निराकरण करने के निर्देश कर्मचारियों को दिए।

### विद्यार्थी विद्यालय परिसर के बाहर रखते हैं साइकिल

**बालोद/कलंगपुर।** स्थानीय शासकीय पूर्व माध्यमिक विद्यालय के छात्र-छात्राओं की साइकिल रखने के लिए विद्यालय परिसर में स्टैंड नहीं है। इसके अभाव में बच्चे अपनी सायकिल विद्यालय के मुख्य गेट के सामने एवं बाजार स्थल पर खुले आसमान के नीचे रखने के लिए मजबूर हैं। इसके कारण उनकी साइकिल बारिश के दिनों में भी भीगते हुए पड़ी रहती है। विद्यालय के प्रधान पाठक ने बताया कि स्कूल के पीछे किनारे पर बच्चे अपनी सायकिल रखते थे, लेकिन उस जगह ग्राम पंचायत द्वारा गार्डन बनाकर जालीतार से घेर दिया गया है। इसके कारण अब वहां बच्चों को साइकिल रखते नहीं बनता।

## विडंबना : ग्राम करेंझर में दिसंबर 2019 को प्रारंभ हुआ था प्राथमिक शाला भवन का निर्माण

# पांच साल में भी पूरा नहीं हुआ भवन निर्माण जर्जर कमरों में ही पढ़ने को मजबूर हैं विद्यार्थी

हरिभूमि न्यूज ▶▶| गुरूर

ग्राम करेंझर में बन रहा प्राथमिक शाला भवन 5 साल में भी पूरा नहीं हो सका है। बच्चे अब भी पुराने जर्जर भवन व बरामदे में पढ़ने को मजबूर हैं। भवन के संबंध में पंचायत के जिम्मेदार बात करने को तैयार नहीं है और जनपद पंचायत प्रशासन को भवन के संबंध में जानकारी नहीं है। इससे ऐसा लगता है कि भवन को कागजों में पूर्ण बताकर सीसी जारी कर फाईल को बंद कर दिया गया है।

प्रधानमंत्री ग्रामोदय योजना स्कूल शिक्षा के तहत प्राथमिक शाला करेंझर में नवीन प्राथमिक शाला भवन के लिए 11.48 लाख रूपये स्वीकृत हुए थे। कार्य ग्राम पंचायत करेंझर द्वारा करवाया जा रहा है। कार्य 10 दिसंबर 2019 को प्रारंभ हुआ, जो पांच साल बाद भी अधूरा है। भवन में जाने के लिए बना रैंप अधूरा व असुरक्षित है। भवन में विद्युतीकरण नहीं हुआ है। ब्लैक बोर्ड नहीं बनाया गया है। भवन की दीवारों के किनारे मजबूतीकरण नहीं होने से नींव की मिट्टी बह रही है, जिससे भवन के कमजोर होने का खतरा बढ़ गया है। इसके साथ ही कई अन्य कार्य अधूरे हैं। अधूरे शाला भवन को पंचायत द्वारा स्कूल शिक्षा विभाग कई बार सौंपने का प्रयास किया गया, लेकिन शिक्षा विभाग ने भवन को पूर्ण करने के बाद ही लेने की बात कही। इसके कारण भवन का निर्माण आज तक न तो पूरा हो पाया है और न ही शिक्षा विभाग के हवाले हुए है। इससे आधा-अधूरा भवन बंद पड़ा है और आज भी बच्चे पुराने जर्जर भवन में पढ़ने को मजबूर हैं।







### अधिकारियों को जानकारी नहीं

मामले में उप अभियंता व्यास नारायण साहू ने कहा कि इस योजना के तहत उनके प्रभार क्षेत्र में भवन के अधूरे होने की जानकारी नहीं है। पता करके ही बता पाऊंगा। जनपद सीईओ उमेश रात्रे ने कहा कि प्रधानमंत्री ग्रामोदय योजना के भवन के अधूरे होने की जानकारी नहीं है। पता करके ही बात सकता हूं।

### निर्माण अधूरा है : प्रधानपाठक

प्रधानपाठक प्राथमिक शाला करेंझर दिलीप कुमार सिन्हा ने कहा कि भवन का कार्य अधूरा है। विद्युतीकरण नहीं हुआ है। रैंप सुरक्षित नहीं है। इसलिए यहां बच्चों को नहीं बैठाते।

### बोर्ड व स्विच लगा दिए वायरिंग नहीं की


पंचायत ने अपनी गलती छुपाने के लिए बड़ी चालाकी से कार्य किया। दीवारों में बिजली के बोर्ड व बटन लगा दिया, पंखे लगा दिए, लेकिन वायर नहीं डाला गया। इस बाहर से देखने पर विद्युतीकरण कार्य पूर्ण दिखता है। भवन के अन्य कई कार्य भी अधूरे पड़े हैं। शिक्षा विभाग द्वारा भवन को नहीं लेने के कारण भवन के अधूरे होने की जानकारी बाहर आई।

### जवाब देने से बचते रहे सरपंच-सचिव

मामले में पंचायत के सरपंच व सचिव से लगातार संपर्क करने व बात करने का प्रयास किया गया, लेकिन दोनों ही बात करने से बचते रहे। पंचायत के व्यवहार से ऐसा लगता है कि भवन को कागजों में ही पूर्ण कर लिया गया होगा। इसलिए पंचायत के प्रमुख चर्चा से बचते दिखे। इस आशंका को इसलिए भी मजबूती मिल रही है, क्योंकि जनपद पंचायत के रिकार्ड में प्रधानमंत्री ग्रामोदय योजना के कार्यों के अधूरे होने संबंधी कोई जानकारी वर्तमान जनपद प्रशासन को नहीं है। यदि भवन अधुरा रहता, तो वर्तमान उप अभियंता एवं वर्तमान सीईओ को इसकी जानकारी रहती।

# क्रेडिट कार्ड बंद करने का झांसा ओटीपी बताते ही 50 हजार पार

हरिभूमि न्यूज ▶▶| बालोद



- देवरी पुलिस थाना क्षेत्र के ग्राम संबलपुर का मामला

जिले में एक बार फिर साइबर ठग गिरोह ने एक खाताधारक को उनके क्रेडिट कार्ड को बंद कराने के लिए मोबाइल में ओटीपी भेजकर करीब 60 हजार रुपए की ठगी कर ली। ठगी के शिकार व्यक्ति की शिकायत पर देवरी पुलिस ने एफआईआर दर्ज कर जांच शुरू कर दी है।

जानकारी के अनुसार ग्राम संबलपुर (क) निवासी जुम्मन लाल खरे ने एक्सिस बैंक शाखा संबलपुर में नवम्बर 2023 में खाता खुलवाकर 5 लाख रूपये ऋण लिया था। पोस्ट आफिस के माध्यम से बिना आवेदन दिए क्रेडिट कार्ड प्राप्त हुआ था, जिसे घर में रखा था। जून 2024 में फोन आया, जिसमें बात करने वाले ने कहा कि मैं एक्सिस बैंक से बोल रहा हूं। आपका क्रेडिट कार्ड ब्लाक हो गया है चालू करने के लिए ओटीपी बताओ। इस पर मैंने कहा कि कार्ड नहीं चलाना है, बंद रखना है। इस पर उसने कहा कि ठीक है, बंद करने के लिए आपके मोबाईल में जो ओटीपी आया है, उसे बताओ। क्रेडिट कार्ड बंद करने के लिए ओटीपी मांगे जाने पर मैंने मोबाइल में आया हुआ ओटीपी बता दिया। ओटीपी बताते ही 6 जून 2024 को 50878 रूपये व 11 जून 2024 को 8451 रूपये आहरण किया गया है। पुलिस ने मामले में जिस मोबाइल नम्बर से प्रार्थी को फोन आया था, उस मोबाइल धारक के नाम पर धारा 420 के तहत मामला दर्ज कर जांच में शुरू कर दी है।

### जागरूकता अभियान के बावजूद ठगी के शिकार हो रहे लोग

पुलिस प्रशासन द्वारा लगातार जागरूकता अभियान चलाकर किसी भी अनजान नंबर से कॉल आने या कोई भी ओटीपी या लिंक आने पर उसे ध्यान न दे, ऐसा करने से धोखाधड़ी हो सकती है। कई ऐसे मामले भी सामने आ चुके हैं, जिसे लेकर पुलिस ने मामले को सुलझाया भी है। लेकिन, उसके बाद भी कई लोग जानकारी के अभाव में या गंभीरता नहीं बरतने के कारण साइबर ठगी का शिकार हो जा रहे हैं।

### लोगों को जागरूक करने तेज करना होगा अभियान

जागरूकता अभियान चलाने और अपील करने के बावजूद लोग साइबर ठग के शिकार हो रहे हैं। ऐसे में पुलिस प्रशासन को शहर से लेकर गांवों तक वृहद स्तर पर जागरूकता अभियान चलाने की जरूरत है। खासकर ग्रामीण इलाकों में लोगों को आसान भाषाओं में समझाने व जानकारी देने की जरूरत है, ताकि लोगों को साइबर क्राइम से बचाया जा सके।

# जोनस्तरीय बाल वैज्ञानिक प्रदर्शनी के लिए सेजेस डौंडीलोहारा के बच्चों का चयन

हरिभूमि न्यूज ▶▶| डौंडीलोहारा

जिला स्तरीय बाल वैज्ञानिक प्रदर्शनी एवं पश्चिम भारत विज्ञान मेला का आयोजन शासकीय आदर्श कन्या उच्चतर माध्यमिक विद्यालय बालोद में गुरुवार को किया गया।

जिले के सभी विकासखंड से आए प्रतिभागी छात्र छात्राओं द्वारा प्रस्तुति दी गई। इसमें सेजेस डौंडीलोहारा से नंदिनी ठाकुर कृत्रिम बुद्धिमत्ता सेमिनार प्रस्तुति में प्रथम स्थान पर रही। शिवम दुबे एवं सिद्धांत जोगी टीम प्रोजेक्ट मिलेट फूड की प्रस्तुति पर प्रथम स्थान पर रहे। इसी तरह थ्री प्रिंटर मॉडल प्रस्तुत कर नूतन देशमुख द्वितीय स्थान पर रहे एवं जोनस्तर के लिए सभी विद्यार्थी चयनित हुए। मार्गदर्शक शिक्षक किरण ठाकुर, मंजू ताम्रकार एवं जोबिन मैथ्यू रहे। इस उपलब्धि पर संस्था प्रमुख डीआर देवहरे ने बच्चों की प्रशंसा करते हुए बधाई व शुभकामनाएं दी हैं।



### बड़भूम में शुरू हुई क्रिकेट प्रतियोगिता

**गुरूर।** विल्स स्टार क्रिकेट क्लब व अधिकारी कर्मचारी एवं ग्रामवासी बड़भूम की ओर से 29 सितम्बर से 2 अक्टूबर तक चार दिवसीय ग्रामीण स्तरीय क्रिकेट प्रतियोगिता का आयोजन किया जा रहा है। रामाधार कुंजाम एवं शिवम कुरैटी ने बताया कि रविवार को प्रतियोगिता का शुभारंभ सुबह 10 बजे हुआ। मुख्य अतिथि सरपंच बल्लाराम कुंजाम थे, अध्यक्षता अध्यक्ष अधिकारी कर्मचारी संघ एचके कुंजाम ने की। ग्राम पटेल बड़भूम गजाधर ठाकुर, एएस आई मंगलतराई हरिशचन्द्र उइके, पंचायत इस्पेक्टर नारायण कुरैटी, ग्रामीण अध्यक्ष साधू राम कुरैटी, रिटायर आरआई सखा राम कुरैटी, गैंदलाल उइके, जोहर उइके, दयालू कुंजाम, बुथ अध्यक्ष डामन बेसरा, सुरेश कुरैटी, सदन कुरैटी, आशा राम, दूरजू राम तारम उपस्थित थे।

# राज्यस्तरीय टिंकरॉथन कॉम्पिटीशन में नगर की बालिकाएं हुईं शामिल

हरिभूमि न्यूज ▶▶| डौंडीलोहारा

केंद्र सरकार की योजना अटल इनोवेशन के तहत राज्य स्तर पर हो रही अटल टिंकरॉथन 2024 कॉम्पिटिशन 28 व 29 सितंबर स्व बीआर यादव इनडोर स्टेडियम बिलासपुर में शासकीय बालक उच्चतर माध्यमिक विद्यालय डौंडीलोहारा के अटल प्रभारी भूपेन्द्र कुमार पटेल के मार्गदर्शन में कक्षा ग्यारहवीं की छात्राओं गीतांजलि, हुलेश्वरी और चेतना ने हिस्सा लिया। इन छात्राओं ने स्मार्ट कार पार्किंग का वर्किंग मॉडल बनाया, जिसमें पार्किंग की अधिकतम संख्या होने के बाद और कार की एंट्री नहीं हो सकती। पूरे राज्य के अलग अलग स्कूल से छात्र-छात्राओं ने कॉम्पिटिशन में भाग लिया। कार्यक्रम में मुख्य अतिथि केंद्रीय मंत्री तोखन साहू व अन्य अतिथियों ने कॉम्पिटिशन में भाग लेने वाले सभी छात्र-छात्राओं को शुभकामनाएं दी हैं।



राज्य स्तर कॉम्पिटिशन में हिस्सा लेने के लिए प्रभारी प्राचार्य प्रदीप कुमार मेश्राम, व्याख्याता एस वैदे, सी नंदा, एनुका सार्वा, पी कटेंद्र, ऐके साहू, डी साहू, आरएन योगी, तेजेश्वरी साहू, सौरभ शर्मा, हेमंत साहू, एस मानिकपुरी, के पटेल सहित समस्त स्टाफ ने बधाई एवं शुभकामनाएं दीं।

## डौंडी क्षेत्र अंतर्गत ग्राम पंचायत पेंड्री के आश्रित ग्राम ओड़गांव के लोगों ने बताई समस्या

# आज भी दो किमी दूर नदी के पानी पर निर्भर हैं ग्रामीण

हरिभूमि न्यूज ▶▶| डौंडी

बालोद जिला के एकमात्र आदिवासी ब्लॉक डोंडी के एक गांव के तीन परिवार के लोग इन दिनों नदी का पानी पीने को मजबूर हैं। मिली जानकारी के अनुसार आदिवासी ब्लॉक मुख्यालय डौंडी जनपद पंचायत क्षेत्र अंतर्गत ग्राम पंचायत पेंड्री के आश्रित ग्राम ओड़ गांव में चौक पारा पर कौडो और टेकाम परिवार पिछले 12,,15 सालो से निवासरत हैं।

मिली जानकारी के अनुसार ग्राम ओड़ के चौक पारा में निवासरत पितांबर कौडो, अमृता कौडो, शांतिबाई कौड़ो, खेम बाई कौड़ो और अनसुईया टेकाम ने बताया कि गांव की एक पड़ोसी एवं एक अन्य महिला के कारण उन्हें नदी का पानी पीना पड़ रहा है। तीनों परिवार ने बताया कि घर के पास ही एक हैंडपंप लगा हुआ है, जिसमें शुरू से ही कड़े मशक्कत के बाद काला एवं लाल पानी निकलता है। इस पानी का उपयोग किसी भी कार्य में नहीं किया जा सकता। लेकिन, 2 साल पहले ग्राम पंचायत के सरपंच ने हैंडपंप पर मोटर पंप लगवाया और हम लोगों को विद्युत शुल्क पटाने कहा। उसके बाद हमारी समस्या का समाधान हो गया। लेकिन वर्तमान में गांव की ही एक महिला ने हैंडपंप से मोटर पंप को हटाने सरपंच को अंदर कराने की धमकी दे डाली। उसके डर से सरपंच ने हैंडपंप पर लगाए गए मोटर कनेक्शन को निकलवा दिया। अब हैंडपंप ही वहाँ पर रह गया है, जिसमें से फिर लाल काला गंदा पानी निकलने लगा है। इससे पेयजल की समस्या उत्पन्न हो गई है।



### नल-जल कनेक्शन फेल, नहीं आ रहा पानी

ग्रामीणों ने बताया कि हालांकि गांव में नल जल योजना के तहत 1 साल से नल कनेक्शन भी लगा हुआ है, लेकिन उसमें भी पानी आज तक नहीं आया। इसके कारण हमें पानी के लिए दूर दो किमी दूर नदी पर निर्भर रहना पड़ रहा है। हम नदी का पानी लाकर उपयोग कर रहे हैं। बता दें कि गांव में बंटवारे के बाद यह परिवार गांव से दूर आकर मार्ग चौक में बसे हुए हैं, जहाँ आसपास और कोई घर भी नहीं है। इन लोगों ने बंद पड़ी नल जल योजना को शुरू करवाने तथा समस्या से छुटकारा दिलाने का आग्रह किया है।

### राजमिस्त्रियों से काम बंद रखने का आह्वान

**बालोद/सिकोसा।** भारतीय मजदूर संघ के समस्त राजमिस्त्री का काम 1 अक्टूबर को कार्य बंद करने आह्वान किया गया है। बालोद जिला गौरैय्या राजमिस्त्री कल्याण संघ ईकाई गुण्डरदेही द्वारा अध्यक्ष शांति प्रकाश साहू, उपाध्यक्ष प्रेमु साहू, सचिव हरिराम साहू, कोषाध्यक्ष वीरेंद्र कुमार साहू ने बताया कि विशेष बैठक सिकोसा बाजार चौक में रखी गई। भवन निर्माण का कार्य करने वाले राजमिस्त्री व श्रमिक विशेष रूप से शामिल होंगे। बैठक में राजमिस्त्रियों की विभिन्न समस्याओं पर विचार विमर्श किया जाएगा। भारतीय मजदूर संघ के संबंध में राजमिस्त्री गठन किया गया है तथा कार्यकारिणी की घोषणा की गई है। सुबह 11 बजे सिकोसा बाजार चौक पर मीटिंग रखी गई है। कोषाध्यक्ष वीरेंद्र कुमार साहू द्वारा निर्णय लिया जाएगा, जिसमें विशेष बिंदु पर चर्चा कर कलेक्टर के पास अपनी मांग रखी जाएगी।

## पाठक सूचना

हरिभूमि

बालोद जिले में हरिभूमि समाचार पत्र के स्थान पर कोई अन्य अखबार मिल रहा हो। एवं समाचार पत्र की प्रतियां, विज्ञापन एवं खबरों के लिए संपर्क करें

9425559113, 9425565082
दल्लीराजहरा - 9993246100

## खबर संक्षेप

### रविवि हॉस्टल अधीक्षक के खिलाफ छात्रों ने की शिकायत



**रायपुर।** पं. रविशंकर शुक्ल विश्वविद्यालय के हॉस्टल अधीक्षक के खिलाफ आजाद हॉस्टल के छात्रों ने लिखित शिकायत की है। मयंक वर्मा, अमन प्रधान तथा अन्य छात्रों ने रविवि की प्रिवेंस कमेटी के अध्यक्ष, सांसद तथा मंत्री सहित अन्य लोगों को भेजे गए पत्र में कहा है कि छात्रावास अधीक्षक एवं बायोटेक्निक विभाग के एसोसिएट प्रोफेसर डॉ. कमलेश शुक्ला द्वारा छात्रों को विभिन्न तरीके से प्रताड़ित किया जाता है और विरोध पर कैरियर खत्म करने की धमकी दी जाती है। छात्रों ने चेतावनी दी है कि अगर छात्रावास अधीक्षक के खिलाफ कार्रवाई नहीं की गई तो उग्र आंदोलन किया जाएगा।

### एम्स में मनाया गया विश्व रेबीज डे

**रायपुर।** एम्स में शनिवार को विश्व रेबीज दिवस मनाया गया, जो रेबीज की रोकथाम और नियंत्रण के बारे में जागरूकता बढ़ाने के वैश्विक प्रयासों का हिस्सा है। इस वर्ष के विश्व रेबीज दिवस का विषय 'रेबीज की सीमाओं को तोड़ना' है, जो वन हेल्थ दृष्टिकोण को उजागर करता है, जिसमें मानव स्वास्थ्य, पशु स्वास्थ्य और पर्यावरण क्षेत्रों के बीच सहयोग की आवश्यकता पर जोर दिया गया है, ताकि रेबीज का मुकाबला किया जा सके। इस अवसर पर अस्पताल के ओपीडी पंजीकरण क्षेत्र में सामान्य चिकित्सा विभाग के संक्रामक रोग विभाग द्वारा एक जन जागरूकता कार्यक्रम आयोजित किया गया। कार्यक्रम के अंत में रोग के बारे में लोगों की शंकाओं का समाधान करने के लिए प्रश्नोत्तर सत्र आयोजित किया गया। कार्यक्रम में प्रो. एली महापात्रा, डॉ. रेणु राजगुरु, डॉ. सरिता अग्रवाल, डॉ. विनय आर. पंडित शामिल थे।

### शनिदेव मंदिर कोटा में मनोकामना ज्योति 3 से

**रायपुर।** शारदीय नवरात्रि के अवसर पर शनिदेव मंदिर मारुति लाइफस्टाइल के सामने मेनरोड कोटा में भक्तों की मनोकामना पूर्ण करने के लिए नवग्रह शांति मनोकामना ज्योति प्रज्ज्वलित की जा रही है, जिसका पंजीयन भक्त मंदिर परिसर में करा सकते हैं। इस वर्ष शारदीय नवरात्रि 3 से 11 अक्टूबर तक मनाई जाएगी। शनि पुजारी विकास शर्मा ने यह जानकारी दी।

### मां धूमावती सिद्धपीठ में ज्योति कलश स्थापना 3 को

**रायपुर।** शारदीय नवरात्रि के अवसर पर मां धूमावती सिद्धपीठ द्वारा पुरानी बस्ती स्थित शीतला माता मंदिर में मां धूमावती आत्मकल्याण मनोकामना ज्योति कलश स्थापना व प्रज्ज्वलन 3 अक्टूबर को सुबह 11.36 बजे से 12.24 के मध्य शुभ मुहूर्त पर होगा। यह जानकारी मां धूमावती सिद्धपीठ के पीठाधीश्वर महाराज नीरज सैनी पुजारी ने देते हुए बताया कि नवरात्रि पर्व पर मां धूमावती की साधना, भाराचना, उपासना के लिए मार्गदर्शन प्राप्त किया जा सकता है। उन्होंने बताया कि सभी भक्त 3 अक्टूबर तक ज्योति कलश स्थापना करा सकते हैं। उन्होंने बताया कि देवशयनकाल सृष्टिपालन कारिणी अंतिम उपाय मां धूमावती द्वारा कालसर्प दोष, मांगलिक दोष, राहू-केतु, शनि सहित नवग्रह कुप्रभाव, कलह, दरिद्रता, दुर्भाग्य, अलक्ष्मी, रोग निवारण एवं सौभाग्य, सफलता, स्थायित्व, समृद्धि, न्याय, संतान जैसे मनवांछित फल प्राप्ति सहित आत्मकल्याण के लिए विशेष मनोकामना ज्योति कलश स्थापित किए जाएंगे।

### पोषण के प्रति माताओं को किया जागरूक

**रायपुर।** महिला एवं बाल विकास विभाग ने शनिवार को कालीबाड़ी सेक्टर के लोगों को पोषण के प्रति जागरूक करने पोषण जागरूक माह कार्यक्रम का आयोजन किया। मुख्य अतिथि छत्तीसगढ़ी फिल्म के अभिनेता करण खान और आंगनबाड़ी कार्यकर्ता सुपरवाइजर विजया रायचौधरी रहे। इस दौरान बच्चों के लिए फैंसी ड्रेस प्रतियोगिता का आयोजन भी किया गया। श्रीमती चौधरी ने बच्चों के पोषण के लिए माताओं को प्रेरित किया।

# एक माह के भीतर 84 बदमाशों का खुला गुंडा रजिस्टर, अब तक सूची में 97 शामिल

हरिभूमि न्यूज ▶▶| रायपुर

अलग खबर

राजधानी सहित जिले में बढ़ते अपराध के ग्राफ को कम करने एसएसपी डॉ. संतोष सिंह के निर्देश पर सभी थानों की पुलिस गुंडे बदमाशों की नए सिरे से सूची तैयार करने लगी है। आठ महीने में पुलिस रिकार्ड में 97 नए गुंडा बदमाश शामिल किए गए हैं। उनमें से 84 नए गुंडा बदमाश एक महीना के भीतर शामिल किए गए हैं। इसके साथ ही पुलिस ने नए 19 गुंडा बदमाशों को निगरानी सूची में शामिल किया है। गौरतलब है कि राजधानी में पिछले कुछ समय से बदमाश अपनी सक्रियता का परिचय देते हुए कई गंभीर आपराधिक घटनाओं को अंजाम दे रहे हैं। पकड़े जाने तथा जेल से आने के बाद भी बदमाश पुलिस को चुनौती देते हुए आपराधिक घटनाओं को अंजाम दे रहे हैं। इसी बात को ध्यान में रखते हुए एसएसपी ने जिले के सभी थानों को नए गुंडा बदमाशों की सूची तैयार करने के निर्देश दिए।

**हर सप्ताह जांच करने टार्गेट :** अपराध पर अंकुश लगाने एसएसपी ने सभी थानों को बदमाश तथा अड्डेबाजी करने वालों की जांच करने टार्गेट दिया है। साथ ही गुंडा बदमाशों की सूची में शामिल बदमाशों को जरूरत के हिसाब से थाना तलब कर उनसे अनिवार्य रूप से पूछताछ करने तथा निगरानी बदमाशों की नियमित जांच करने निर्देश दिए हैं।

## शहर की शांति भंग करने वाले बदमाशों की संख्या 697 पहुंची

### आदतन बदमाश निगरानी सूची में

पुलिस ने बदमाशों की जो निगरानी सूची तैयार कर 19 नए बदमाशों को शामिल किया है, उनमें से ज्यादातर बदमाश चोरी के आरोपी हैं, जो जेल से छूटने के बाद भी पुलिस की आंखों में धूल झोंक कर चोरी की घटना को अंजाम दे रहे हैं। निगरानी बदमाशों की सूची में चाकूबाजों को भी शामिल किया गया है।

### 11 बदमाश तड़ीपार 10 लाइन में

अपराध पर अंकुश लगाने पिछले आठ महीने में 11 बदमाशों को तड़ीपार किया गया है। इसके साथ ही पुलिस ने 10 और बदमाशों की सूची तैयार कर तड़ीपार करने जिला दंडधिकारी के पास फाइल भेजी है। गौरतलब है कि पिछले वर्ष पुलिस ने महज चार बदमाशों को तड़ीपार कराने में कामयाबी हासिल की थी।



फाइल फोटो

### लगातार कार्रवाई

अपराध पर अंकुश लगाने पुलिस द्वारा लगातार कार्रवाई की जा रही है। महिला संबंधी अपराध पर सख्ती से अंकुश लगाने निर्देश दिए गए हैं। निजात अभियान के तहत मादक पदार्थों की अवैध खरीदी-बिक्री करने वालों के खिलाफ लगातार कार्रवाई की जा रही है। इसके चलते पिछले वर्ष की तुलना में इस वर्ष सभी तरह के अपराध में कमी दर्ज की गई है।

- डॉ. संतोष सिंह, एसएसपी

**सियासत :** छत्तीसगढ़ न्याय यात्रा दूसरे दिन लवन से चलकर रोहांसी पहुंची

# बैज बोले- न्याय यात्रा का मकसद प्रदेश को बचाना और शांति वापस लाना

हरिभूमि न्यूज ▶▶| रायपुर

कांग्रेस की छत्तीसगढ़ न्याय यात्रा के दूसरे दिन का शुभांरभ कसडोल के सतनाम भवन से शुरू हुई। यात्रा के पूर्व पीसीसी अध्यक्ष दीपक बैज ने मां महामाया के मंदिर में पूजा अर्चना कर प्रदेश मे शांति और राज्य के नागरिकों की सुख समृद्धि की कामना की। दूसरे दिन की यात्रा के दौरान प्रदेश कांग्रेस अध्यक्ष दीपक बैज ने कहा, छत्तीसगढ़ न्याय यात्रा से छत्तीसगढ़ की जनता में एक नया संदेश जा रहा है। प्रदेश सरकार की नाकामियों को सामने लाने में हम सफल हो रहे हैं। हमारा मकसद प्रदेश को बचाना और प्रदेश को शांति की ओर वापस लाना है।

दूसरे दिन की यात्रा रवाना होने के पूर्व सेवादल के कार्यकर्ताओ ने झंडा वंदन किया तथा ध्वज गीत और राष्ट्र गीत, राष्ट्रगान का गायन किया। लवन खरतोरा मार्ग से होकर कुम्हारी पहुंची जहाँ दोपहर भोजन के बाद यात्रा रोहांसी पहुंची 23 किमी की यात्रा के बाद रात्रि विश्राम किया गया। यात्रा में 200 युवा कांग्रेस के नेता, 200 एनएसयूआई तथा 150 सेवादल के कार्यकर्ता, स्थाई यात्री के रूप में चल रहे है। प्रदेश भर के 1500 कांग्रेसी स्थाई यात्री के रूप में चल रहे, जो पूरे 6 दिन 130 किमी की यात्रा करेंगे। स्थानीय जिला कांग्रेस, ब्लॉक कांग्रेस के कार्यकर्ता हजारों की संख्या में यात्रा में शामिल हुए। दूसरे दिन की यात्रा में प्रमुख रूप से पूर्व कांग्रेस अध्यक्ष एवं पूर्व मंत्री मोहन मरकाम, प्रभारी महामंत्री मलकीत सिंह गैदू, विधायक संदीप साहू, शेषराज हरवंश, कविता प्राण लहरे, पूर्व विधायक शैलेष पांडे, यूडी मिंज, गुलाब कमरो, प्रदेश कांग्रेस संचार विभाग अध्यक्ष सुशील आनंद शुक्ला, महेन्द्र छाबड़ा, पारसनाथ राजवाडे, शैलेश नितिन त्रिवेदी, सुरेन्द्र शर्मा, जिला अध्यक्ष हितेन्द्र ठाकुर, महामंत्री दीपक मिश्रा, पंकज शर्मा, प्रमोद तिवारी, विद्याभूषण शुक्ला, पीआर खुंटे, अरूण ताम्रकार, आकाश शर्मा, नीरज पांडेय, अशोक राज आहूजा, धर्मेन्द्र यादव, सकलेन कामदार, पूर्णचंद पाढ़ी सहित बड़ी संख्या में कांग्रेस के नेता शामिल हुये।



### गृह जिला संभल नहीं रहा, प्रदेश क्या संभालेंगे- बैज

दूसरे दिन की यात्रा के दौरान संवाददाताओं से चर्चा में श्री बैज ने कहा, 9 महीने की भाजपा सरकार ने छत्तीसगढ़ को बर्बाद कर दिया, अपराध का गढ़ बना दिया है। हमारी न्याय यात्रा का मकसद है कि अपराध रूक नहीं रहा, लेकिन कवर्धा में पिछले सप्ताह तीन साहू समाज के बेटों की हत्या हुई उस घटना को सरकार रोक सकती थी। आज एक साहू बेटे की फिर हत्या होती है और एक गंभीर रूप से घायल है, इस तरह पूरा कवर्धा जल रहा है। गृह मंत्री का गृह जिला है, विधानसभा है वो संभल नहीं रहा है तो क्या प्रदेश संभालेंगे?

### भूपेश आज शामिल होंगे

छत्तीसगढ़ न्याय यात्रा में पूर्व मुख्यमंत्री भूपेश बघेल रविवार को शामिल होंगे। वे खल्लारी ब्लॉक से न्याय यात्रा में शामिल होंगे। यात्रा के बाद वे वापस लौटेंगे। श्री बघेल दो दिन के दिल्ली प्रवास से आज शाम लौट आए। वहीं यात्रा जिस रूट से गुजर रही है वहां का पूरा फीडबैक लिया जा रहा है।

श्रीवास्तव ने कहा

# अध्यक्ष दीपक बैज पदयात्रा नहीं पद बचाने की यात्रा निकाल रहे

हरिभूमि न्यूज ▶▶| रायपुर



भारतीय जनता पार्टी के प्रदेश महामंत्री संजय श्रीवास्तव ने कहा, पिछले पांच वर्षों से छत्तीसगढ़ को अपराधियों और भ्रष्टाचारियों का गढ़ बनाने वाली कांग्रेस को प्रदेश की जनता को विष्णुदेव सरकार की योजनाओं से मिल रही विभिन्न योजनाओं के लाभ से पीड़ा होने लगी है। कांग्रेस पार्टी मुद्दाविहीन हो चुकी है और इसी के चलते न्याय यात्रा के नाम पर फिर से भ्रमजाल बुनकर जनता को भरमाने की कोशिश कर रही है, लेकिन प्रदेश की जनता कांग्रेस के फैलाने वाले भ्रमजाल को भलीभांति समझ चुकी है कि मुद्दाविहीन कांग्रेस अध्यक्ष दीपक बैज पदयात्रा नहीं पद बचाने की यात्रा निकाल रहे। इसके चलते कांग्रेस की न्याय यात्रा में कोई भी शामिल होने के लिए रुचि नहीं दिखा रहा है। श्री श्रीवास्तव ने कहा कि कांग्रेस पहले अपने प्रदेश अध्यक्ष दीपक बैज के साथ न्याय करे। कहने को तो बैज कांग्रेस के प्रदेश अध्यक्ष हैं, लेकिन कांग्रेस में भूपेश बघेल के इशारों पर काम होता है। कुछ दिन पहले कांग्रेस ने विधानसभा घेराव करने के लिए आंदोलन किया था, लेकिन उस आंदोलन को जनता ने नकार दिया वहीं कांग्रेस के नेताओं ने अपनी छवि चमकाने के लिए पुलिस के साथ जानबूझकर बदसलूकी की। श्री श्रीवास्तव ने कहा, कांग्रेस शासनकाल में पिछले पांच वर्षों में जो आपराधिक घटनाएं घटी वहीं किसी से छुपी नहीं है। छत्तीसगढ़ को लुटने के लिए भूपेश बघेल की तत्कालीन सरकार ने बड़े-बड़े घोटाले कर डाले।

### 'शरण में तुम्हारी' किताब का विमोचन 2 को

रायपुर। सिविल लाइंस स्थित वृंदावन हॉल में 2 अक्टूबर को कवि राजेश जैन राही के नए काव्य संग्रह शरण में तुम्हारी का विमोचन किया जाएगा। यह कार्यक्रम शाम 5 बज से रात्रि 8 बजे तक जारी रहेगा। कार्यक्रम में विभिन्न धार्मिक भजन समितियों का सम्मान भी किया जाएगा। यह जानकारी कार्यक्रम आयोजक ने देते हुए बताया कि इस अवसर पर प्रख्यात संगीतकार गायक डॉ. चितरंजन कर का भक्तिगीत गायन और एक भक्तिगीत के वीडियो का प्रस्तुतिकरण भी होगा। जिसमें स्वर रायपुर की युवा गायिका अंजनी अग्रवाल ने दिया है। कृति 'शरण में तुम्हारी' का प्रकाशन प्रतिष्ठित श्वेतवर्णा प्रकाशन दिल्ली ने किया है। कृति में 51 मनभावन भक्ति गीत हैं। भूमिका रायबरेली के वरिष्ठ साहित्यकार रामबाबू रस्तोगी ने लिखी है और प्रख्यात कवि डॉ. मानिक विश्वकर्मा 'नवरंग' ने अपने कीमती विचारों से प्रतिष्ठित किया है।

## उद्योग विभाग में 26 कर्मचारियों की पदोन्नति

हरिभूमि न्यूज ▶▶| रायपुर

उद्योग विभाग में 26 अफसरों के पदोन्नति के आदेश जारी किए गए हैं। जारी आदेश में जिन पदों के लिए पदोन्नति की है, उनमें महाप्रबंधक से मुख्य महाप्रबंधक, सहायक प्रबंधक से प्रबंधक और सहायक संचालक से उप संचालक के पद पर पदोन्नत किया गया है। जारी आदेश में चिंता राम टेकाम महाप्रबंधक जिला उद्योग केंद्र बालोद को मुख्य महाप्रबंधक सीएसआईडीसी रायपुर, संजय राणे उप संचालक उद्योग संचालनालय को मुख्य महाप्रबंधक सीएसआईडीसी रायपुर और खिस्तोफर केरकेटटा प्रभारी उप मुख्य महाप्रबंधक उद्योग केंद्र रायपुर को मुख्य महाप्रबंधक जिला व्यापार एवं उद्योग केंद्र रायपुर में पदस्थ किया गया है। वहीं ए श्रीधर राव सहायक प्रबंधक, जिला उद्योग केंद्र बिलासपुर को प्रबंधक जिला व्यापार एवं उद्योग केंद्र बिलासपुर, मीनेश कुमार पटेल सहायक प्रबंधक उद्योग संचालनालय रायपुर को प्रबंधक जिला उद्योग केंद्र रायपुर और कुलेश्वर कुमार उईके सहायक प्रबंधक जिला एवं व्यापार उद्योग केंद्र रायपुर को प्रबंधक जिला व्यापार उद्योग केंद्र रायपुर पदस्थ किया गया है। वहीं 20 सहायक संचालक को उप संचालक के पद पर पदोन्नत कर नई पदस्थापना जारी की गई है।

## गृहमंत्री से नहीं संभल रही राज्य में कानून व्यवस्था

हरिभूमि न्यूज ▶▶| रायपुर



आम आदमी पार्टी के प्रदेश अध्यक्ष गोपाल साहू ने छत्तीसगढ़ में बिगड़ती कानून व्यवस्था पर हमला बोलते हुए कहा कि राज्य में जब से भाजपा की सरकार बनी है, छत्तीसगढ़ का हर नागरिक असुरक्षित है। हर रोज हो रहीं हत्याओं, बलात्कार, लूट, डकैती और चाकूबाजी की घटनाओं से प्रदेश में भय का माहौल बन गया है। पुलिस के सामने एक आदमी को उसके घर में जिंदा जला दिया जाता है, पुलिस मूकदर्शक बनी रहती है। पुलिस कस्टडी में ग्रामीण की मौत हो जाती है, कवर्धा के लोहारडीह में हत्या हो जाती है। बालोद में 7 साल की नाबालिग बच्ची के साथ दुष्कर्म हो जाता है, राज्य में कलेक्टर, एसपी कार्यालय जलाए जा रहे हैं, राजधानी के बस स्टैण्ड में महिला के साथ सामूहिक बलात्कार हो जाता है, भिलाई के स्कूल में 4 वर्षीय बच्ची के साथ दुराचार होता है, बलरामपुर में व्यापारी से 5 करोड़ की लूट हो जाती है, राजधानी में अंतर्राष्ट्रीय गैंगस्टर गोलियां चलाते है, राजधानी में अपराधी खुले घूम रहे हैं, तेलीबांधा मरीन ड्राइव 22-23 सितंबर की दरमियानी रात एक व्यक्ति की चाकू मारकर हत्या कर दी जाती है, कानून व्यवस्था पर पुलिस, सरकार नाकाम साबित हो रही है।

# किसान नेता बोले- यह फैसला सिर्फ एक गांव नहीं, नवा रायपुर में भूमि अधिग्रहण मामलों के लिए महत्वपूर्ण

हरिभूमि न्यूज ▶▶| रायपुर

**यह है पूरा मामला :** पूरा मामला भू अर्जन अधिनियम के प्रावधानों का पालन नहीं होने को लेकर है। नया रायपुर के विकास के लिए 21 मार्च 2013 को 128.39 एकड़ जमीन अधिग्रहण के लिए अधिसूचना जारी की गई थी। इसके तहत कुलदीप, लखेश्वर प्रसाद सहित 127 किसानों की जमीन अधिग्रहित करने की प्रक्रिया शुरू की गई। इस बीच 1 जनवरी 2014 से जमीन अधिग्रहण के लिए भू अर्जन में पारदर्शिता और उचित मुआवजे का अधिकार अधिनियम 2013 लागू हो गया। किसानों ने पुराने अधिनियम के प्रावधानों के मुताबिक की गई जमीन अधिग्रहण और मुआवजे की पूरी प्रक्रिया को निरस्त करने की मांग की थी। नए अधिनियम के तहत 12 माह के भीतर मुआवजे की राशि दी जानी थी।

छत्तीसगढ़ हाईकोर्ट ने नवा रायपुर प्रोजेक्ट के लिए जमीन अधिग्रहण को लेकर एक महत्वपूर्ण फैसला सुनाया है। कोर्ट की डिवीजन बेंच ने इस मामले में फैसला सुनाते हुए किसानों के हित में निर्णय लिया है। नई राजधानी प्रभावित किसान संघर्ष समिति के अध्यक्ष रूपन चंद्राकर ने इस निर्णय का स्वागत करते हुए कहा, यह फैसला सिर्फ एक गांव के लिए नहीं, बल्कि नवा रायपुर में भूमि अधिग्रहण से संबंधित मामलों के लिए महत्वपूर्ण है।

अब 75 प्रतिशत भू-स्वामी किसानों की सहमति पर ही भूमि अधिग्रहण किया जा सकेगा। किसी स्थिति में अब नए कानून के तहत किसानों की सहमति में कमी हुई, तो भूमि अधिग्रहण करना मुश्किल होगा। ये फैसला न केवल किसानों के अधिकारों को संरक्षित करता है, बल्कि नवा रायपुर परियोजना की दिशा और गति को भी प्रभावित कर सकता है। नई राजधानी प्रभावित किसान संघर्ष समिति के अध्यक्ष

- हाईकोर्ट के माध्यम से ही निकलेगा किसानों की समस्याओं का समाधान- रूपन चंद्राकर

रूपन चंद्राकर ने बताया कि यह मामला ग्राम रीको के 127 किसानों का है, जिस पर हाईकोर्ट ने अपना फैसला सुनाया है।

नवा रायपुर में के सेक्टर-5 में यह जमीन है। यहां कुल 128.40 हेक्टेयर जमीन है, जिस पर निर्माण कार्य नहीं हुआ है। यह जमीन एनआरडीए ने औद्योगिक प्रयोजन के लिए रखी है। यहां पर केवल 3 किसानों ने मुआवजा लिया था। किसानों को 18.30 लाख एकड़ के हिसाब से मुआवजा मिलना था। यहां के किसानों ने मार्च 2013 में एनआरडीए के अधिग्रहण के विरोध में मार्च 2014 में प्रकरण दायर किया था। 27 नवंबर 2018 को सिंगल बेंच ने किसानों के पक्ष में निर्णय दिया। निर्णय खिलाफ एनआरडीए ने 2019 में हाईकोर्ट के डबल बेंच में अपील की थी। 26 सितंबर को डिवीजन बेंच ने एनआरडीए की अपील को खारिज कर दिया।

### 96 याचिकाएं कोर्ट में लगीं

श्री चंद्राकर ने बताया कि किसानों ने एनआरडीए के भूमि अधिग्रहण के मामले में कोर्ट में कुल 96 याचिकाएं दायर की है। इनमें से एक याचिका में लगभग 6000 किसानों ने लगाया है। मामले की सुनवाई 30 सितंबर को हाई कोर्ट में है। किसानों को नए पुर्नवास एक्ट का फायदा मिलना था वह नहीं मिला। उन्होंने बताया कि किसानों ने एनआरडीए से लगातार मांग रखी, लेकिन कोई समझौता नहीं हो पाया। किसानों ने मांग की थी कि लेयर एक में जिन किसानों की जमीन अधिग्रहित की गई, उन्होंने लेयर-2 और 3 में जमीन की मांग की थी, लेकिन इस पर कोई समझौता नहीं हो पाया। किसानों ने कमल विहार की तर्ज पर भी समझौता प्रस्ताव रखा लेकिन एनआरडीए तैयार नहीं हुआ। अब हाई कोर्ट के फैसले के बाद एनआरडीए को किसानों से समझौता करना ही होगा।

**कलेक्टर के निर्देश पर खाद्य विभाग ने एफआईआर दर्ज कराने जारी किया आदेश**

# दुकान में चावल-शक्कर एवं नमक का शॉर्टेज, नोटिस के बाद भी भरपाई नहीं की, 6 संचालकों पर होगी एफआईआर

हरिभूमि न्यूज ▶▶| रायपुर



जिले के 6 राशन दुकान के संचालकों के खिलाफ अब एफआईआर दर्ज होगी। इन सभी संचालकों की दुकानों में सवा दो साल पहले आवंटन की तुलना में भारी मात्रा में चावल के अलावा शक्कर एवं नमक का शॉर्टेज पाया गया था। इन सभी संचालकों को नोटिस जारी कर शॉर्टेज खाद्यान्न के बदले राशि जमा करने का निर्देश दिया गया था। इसके बाद भी इनके द्वारा शॉर्टेज खाद्यान्न की भरपाई नहीं की गई, जिसके बाद इन सभी दुकानों को आरआरसी जारी कर संपत्ति कुर्की का आदेश जारी किया गया था, लेकिन इस आदेश के बाद भी अब तक इन दुकानों से रिकवरी नहीं की गई है। खाद्य विभाग ने अब कलेक्टर के निर्देश पर इन दुकानों के संचालकों के विरुद्ध एफआईआर दर्ज कराने का आदेश जारी किया है।

**3 दिन के भीतर एफआईआर दर्ज कराने के निर्देशः** खाद्य विभाग ने इन सभी दुकानों के संचालकों के विरुद्ध तीन दिन के भीतर एफआईआर दर्ज कराने के निर्देश दिए है। यह आदेश 27 सितंबर को जारी किया गया है। 28 एवं 29 सितंबर को अवकाश के कारण अब तक किसी भी संचालक के खिलाफ एफआईआर दर्ज नहीं हो पाया है। संभावना जताई जा रही है कि सोमवार को सरकारी दफ्तर खुलते ही संचालकों के खिलाफ थाने में एफआईआर दर्ज कराया जाएगा।

### इन दुकान संचालकों पर होगी एफआईआर

जिन 6 दुकानों के संचालकों पर एफआईआर होना है। उनमें क्रमशः जय हिंद प्राथमिक सहकारी उपभोक्ता भंडार रायपुर आईडी क्रमांक-401001080, ग्राम पंचायत गुखेरा आरंग आईडी 442003058, ग्राम पंचायत छटेरा आरंग आईडी 442003054, ग्राम पंचायत बड़गांव आरंग आईडी 442003113, ग्राम पंचायत भलेरा आरंग आईडी 442003060 एवं ग्राम पंचायत मांठ तिल्दा आईडी 442004042 शामिल है।

### अन्य दुकान संचालकों पर भी एफआईआर कराएंगे

शॉर्टेज खाद्यान्न की रिकवरी करने के लिए दुकान संचालकों को कई बार नोटिस जारी किए। इसके बाद आरआरसी जारी किया। इसके बाद भी संचालकों द्वारा शॉर्टेज खाद्यान्न के बदले राशि लौटा नहीं रहे हैं। 6 संचालकों के खिलाफ एफआईआर कराने आदेश जारी किया है। इसके बाद अन्य संचालकों के खिलाफ भी केस दर्ज कराएंगे।

-भूपेंद्र मिश्रा,
जिला खाद्य नियंत्रक रायपुर

# आर्मी के शौर्य का प्रदर्शन सोशल मीडिया के माध्यम से दिखाएंगे इंफ्लुएंसर




हरिभूमि न्यूज ▶▶| रायपुर

साइंस कॉलेज मैदान पर 5 एवं 6 अक्टूबर को नो योर आर्मी मेले में आर्मी के शौर्य का प्रदर्शन होगा। इस प्रदर्शन को इंफ्लुएंसर के माध्यम से सोशल मीडिया में भी देखने को मिलेगा।

कलेक्टर डॉ. गौरव सिंह ने रायपुर के इंफ्लुएंसर से चर्चा करते हुए सेन्य प्रदर्शन मेले को सफल बनाने अधिक से अधिक प्रचार-प्रसार करने का आग्रह किया। कलेक्टर ने इंफ्लुएंसर से सुझाव भी मांगे। कलेक्टर ने बताया कि इस अवसर पर स्कूलों में आर्मी थीम पर क्विंज एवं आर्ट प्रतियोगिता का आयोजन किया जाएगा। इसके अलावा विभिन्न नवाचारों के माध्यम से आर्मी मेले का प्रचार-प्रसार कर युवाओं को दिखाए जाएंगे। इस अवसर पर नगर निगम आयुक्त अबिनाश मिश्रा, जिला पंचायत सीईओ विश्वदीप, अपर कलेक्टर कीर्तिमान सिंह राठौर, स्मार्ट सिटी के सीओ उज्जवल पोरवार समेत अन्य अधिकारी उपस्थित थे।

# जो दूसरों की सुनता है, उसे सारी दुनिया सुनती है : डॉ आकाश

## कन्नेवाड़ा में हुआ साहित्यिक संगोष्ठी एवं कवि सम्मेलन का आयोजन

हरिभूमि न्यूज ▸▸ बालोद

जिले की चर्चित साहित्यिक संस्था रचना साहित्य समिति गुरुर के तत्वावधान में पूरन लाल माली निवास कन्नेवाड़ा में साहित्यिक संगोष्ठी एवं कवि सम्मेलन का आयोजन किया गया। कार्यक्रम के मुख्य अतिथि छत्तीसगढ़ राजभाषा आयोग के जिला समन्वयक डॉ.अशोक आकाश थे, अध्यक्षता पूर्व विकासखण्ड शिक्षा अधिकारी एवं अध्यक्ष रचना की साहित्य समिति गुरुर दयाल राम गजेन्द्र ने की। विशिष्ट अतिथि पेंशनर समाज जिला अध्यक्ष गालव कुमार साहू, पूर्व विकासखण्ड शिक्षा अधिकारी सतवन लाल सोनबोईर, सेवाराम तेजस्वी एवं साहित्यकार एसआर नेले थे। कार्यक्रम का संचालन कवि भरत बुलंदी ने किया। कवि लालेश्वर अरुणाभ द्वारा सरस्वती वन्दना की मौलिक कृति से कार्यक्रम का शुभारम्भ हुआ। विचार गोष्ठी में रचना साहित्य समिति को परिपुष्ट करने साहित्यिक गतिविधियों के निरन्तर संचालन पर सहमति बनी। मासिक गोष्ठी में अन्य साहित्यिक संस्थाओं के साहित्यकारों को आमंत्रित कर साहित्यिक आदान प्रदान एवं रचना साहित्य समिति गुरुर के संस्थापक दिवंगत तुलसीराम महमल्ला की स्मृति में दो खण्ड में स्मारिका प्रकाशित करने का निर्णय लिया गया। इसके प्रथम खंड में महमल्ला जी की रचनाएँ एवं द्वितीय खंड में जिले भर के रचनाकारों के साहित्य प्रकाशित किए जाएंगे।



### तुलसी जयंती पर दिया जाएगा तुलसीराम महमल्ला स्मृति सम्मान

दयाल राम गजेन्द्र ने कहा कि समिति की संगठनात्मक गतिविधि निरंतर संचालित करते रहने की जरूरत है। सभी साहित्यकार सक्रियता से सभी गोष्ठी में भाग लें, इससे नवोदय कवियों की नियमित उपस्थिति होनी चाहिए। उन्होंने दिवंगत साहित्यकार तुलसीराम महमल्ला की स्मृति में पुस्तक प्रकाशन एवं तुलसीराम महमल्ला स्मृति सम्मान आगामी तुलसी जयंती पर प्रदान करने का ऐलान किया। रचना साहित्य समिति के कोषाध्यक्ष एच.डी. महमल्ला ने अपने अग्रज तुलसी राम महमल्ला को भावपूर्ण काव्यांजलि अर्पित करती पंक्तियां पढ़ी। कार्यक्रम में पूरन लाल माली, भारत सिन्हा, पीआर हिरवानी, पुनूराम गुरूपंच, थानू राम सिन्हा, ताम्रध्वज उमरे, एमके.सोनवानी, पूसन कुमार साहू एवं लालेश्वर अरुणाभ ने भी काव्य पाठ किया।

### आगामी बैठक सोहपुर में

आगामी बैठक हिरवानी निवास सोहपुर में साहित्यकारों की कविताएं आमंत्रित की गई हैं। मुख्य अतिथि डॉ.अशोक आकाश ने कहा कि मासिक गोष्ठी से साहित्यकार की रचनाएं परिपक्व होती हैं और परिपक्व रचनाओं से समाज को परिपुष्ट संदेश मिलता है। गोष्ठी में प्रस्तुत किये गए साहित्य से सामाजिक एवं राजनीतिक विकृतियों पर सुधार का संदेश रहता है। उन्होंने कहा कि नवोदित साहित्यकारों द्वारा रचित कृतियों की समीक्षा से लेखक की सृजनशीलता विकसित होती है। अपनी कविता सुनाकर घर चले जाने वाला साहित्यकार घर तक ही सिमट कर रह जाता है, जो दूसरों की सुनता है, उसे सारी दुनिया सुनती है। लेखकीय क्षमता विकसित करने हमें दूसरों को सुनना और पढ़ना आवश्यक है।

## खबर संक्षेप



### भगत सिंह का 117वां जन्मदिन मनाया

**दुर्ग।** 28 सितंबर को युवा संघर्ष समिति द्वारा महान क्रांतिकारी शहीद ए आजम भगत सिंह का 117 वां जन्म दिवस राजेंद्र पार्क चौक में मनाया गया। जिला अध्यक्ष दिनेश चौरे ने बताया कि भगत सिंह एक क्रान्तिकारी थे जिन्होंने युवाओं के लिए एक ऐसी विचारधारा छोड़ी है जिसका मूल प्रश्न करना है, तर्क करना है और रुढ़िवादी परंपरा का नाश करना है। कार्यक्रम में करन गुप्ता, तुकेश मानिकपुरी, देवव्रत चांदू, महिलांगे, ओम उपाधाय, रिंकू, सुरेंद्र आदि मौजूद रहे ।

### शिविर में किया गया 13 यूनिट रक्तदान



**दुर्ग।** हिन्दू युवा मंच द्वारा जिला चिकित्सालय में रक्तदान शिविर का आयोजन किया गया। जिसमें हिन्दू युवा मंच से गोविंद राज नायडू, शिबू सोनी, जय देवांगन, राज गुप्ता, राजा देवांगन, संतोष मिश्रा, नीरज देवांगन, तरूण देवांगन सहित अन्य कार्यकताओं ने रक्तदान रक्तदान किया। शिविर में 13 यूनिट रक्त दिया गया। मौके पर ब्लड बैंक के नोडल अधिकारी डॉ प्रवीण अग्रवाल, डॉ निशिका राठी, नर्स तरूणा रावत सहित स्टाफ मौजूद थे।

### सामान्य सभा की बैठक 30 को

**दुर्ग।** जिपं. के सामान्य सभा की बैठक जिला पंचायत के सभाकक्ष में 30 सितम्बर दोपहर एक बजे आयोजित की गई है। कृषि विभाग, स्वास्थ्य विभाग, लोक निर्माण विभाग, लोक स्वास्थ्य यांत्रिकी, वन एवं पर्यावरण विभाग एवं अन्य विषयों पर समीक्षा की जाएगी।

### अनिल बने नगर निगम के अधिवक्ता

**दुर्ग।** जिला अधिवक्ता संघ के 4 बार के कोषाध्यक्ष एवं शहर के विभिन्न संगठनों से जुड़े वरिष्ठ अधिवक्ता अनिल जायसवाल को ननि दुर्ग ने पैनल अधिवक्ता नियुक्त किया गया है। उन्होंने अपनी नियुक्ति के लिए विधायक गजेन्द्र यादव, महापौर धीरज बाकलीवाल, अधिवक्ता संघ की अध्यक्ष नीता जैन, सचिव रविशंकर सिंह का आभार जताया है। उनकी नियुक्ति पर वरिष्ठ अधिवक्ता राजकुमार तिवारी, प्रशांत जोशी, राकेश यादव, प्रकाश शर्मा सहित अन्य अधिवक्ताओं ने बधाई दी है।



## आयोजन

# रामधुनी स्पर्धा में सुपेला सेमरा की संगम तिरंगा मंडली को मिला प्रथम पुरस्कार

**नवसृजन युवा संगठन एवं ग्रामवासी तार्री द्वारा आयोजित कार्यक्रम का हुआ समापन**

हरिभूमि न्यूज ▸▸ गुरूर

नवसृजन युवा संगठन एवं ग्रामवासी तार्री के तत्वावधान में दो दिवसीय रामधुनी प्रतियोगिता का आयोजन किया गया। प्रतियोगिता में 10 मंडलियों ने हिस्सा लिया। प्रतियोगिता में संगम तिरंगा रामधुनी मंडली सुपेला सेमरा प्रथम स्थान प्राप्त किया। जय मां शीतला रामधुनी मंडली ओदरागहन द्वितीय एवं तृतीय स्थान पर श्री लहर गंगा रामधुनी मंडली अरौद मेघा, संगीत में जय दशरथ नंदन रामधुनी मंडली धोबनपुरी, वेशभूषा में जय मां दुर्गेश्वरी रामधुनी मंडली ढोरीडेमा डौण्डी, झांकी में जय मां शारदा रामधुनी मंडली भैसबोड बालोद एवं गायन में जय मा विध्यवासिनी लोकरागनी झांकी रामधुनी मंडली गोकुलपुर धमतरी को प्राप्त हुआ। अतिथियों ने सभी विजेताओं को पुरस्कार प्रदान कर सम्मानित किया।

युवा संगठन दल तार्री द्वारा रक्तदान शिविर का भी आयोजन किया गया। आस-पास के 50 युवाओं ने रक्तदान शिविर में भाग लिया। बालोद एवं राजनांदगांव के डाक्टरों ने महती भूमिका निभाई। सभी रक्त दाताओं को प्रमाण पत्र देकर सम्मानित किया गया।

### एक परिवार में रहने से मिलता है बड़े बुजुर्गों का प्यार : संगीता

समापन समारोह के मुख्य अतिथि विधायक संगीता सिन्हा ने कहा कि यह आयोजन पितृपक्ष में चल रहा है। पूर्वजों के संस्कार से चले आ रहे हैं, वह आस्था आज भी है। उसे युवा वर्ग भी निभाते आ रहे हैं। जीवन जीना है तो रामायण सुनना है। उन्होंने कहा कि जब से राशन चालू हुआ है, तब राशनकार्ड के नाम से लोग अलग होना चालू कर दिए हैं। एक परिवार में रहने से बड़े बुजुर्ग का प्यार मिलता है। ब्लाक कांग्रेस अध्यक्ष तामेश्वर साहू ने कहा कि राम नाम से जीवन सार्थक हो जाता है। कार्यक्रम में टोमन साहू, शादिक अली, दुर्गू राम सिन्हा, अलीराम बढई, कुम्भलाल देहारी, उपसरपंच आलोक पटेल, गणेश यदु अतिथि के रुप में शामिल थे। इस अवसर पर मुकेश साहू, अरुण निषाद, गुरुचरण निषाद, मेघनाथ ठाकुर, राकेश पटेल, तानसिह ठाकुर, अशोक ठाकुर, सुरजीत निषाद, बिसेलाल, सुखचौन निर्मलकर, कैलाश ठाकुर, उमेश ठाकुर सहित समिति एवं ग्रामवासी का सहयोग रहा।





## रामधुनी स्पर्धा में मथुराडीह धमतरी की मंडली को मिला पहला पुरस्कार

■ ग्राम रमतरा में समर्पण युवा दल ने ग्रामीणों के सहयोग से किया आयोजन

**गुरूर।** समर्पण युवा दल एवं ग्रामवासी रमतरा के तत्वावधान में तीन दिवसीय रामधुनी प्रतियोगिता का आयोजन किया गया, जिसमें 16 टीमों ने भाग लिया।

प्रतियोगिता में प्रथम पुरस्कार जय भवानी रामधुनी मंडली मथुरा डीह धमतरी को प्रदान किया गया। इसी तरह द्वितीय जय मां सरस्वती रामधुनी मंडली दैहान राजनांदगांव, तृतीय जय मां सरस्वती रामधुनी मंडली कसही लोहारा, चतुर्थ जय मां सरस्वती रामधुनी मंडली आमदी धमतरी एवं पंचम पुरस्कार श्री संगम तिरंगा रामधुनी मंडली सुपेला सेमरा को दिया गया। वहीं, गायन विशेष में जय मां शीतला रामधुनी मंडली ओदरागहन, संगीत पक्ष में बाल समाज रामधुनी मंडली ठेठवार लाजिया अम्बागढ़ चौकी, अनुशासन जन जागृति रामधुनी मंडली खड़खड़ी अंबागढ़ चौकी, झांकी विशेष जय भवानी रामधुनी मंडली मथुरा डीह एवं वेशभूषा में जय मां सरस्वती रामधुनी मंडली नगर पंचायत आमदी को पुरस्कार प्रदान कर सम्मानित किया गया। पुरस्कार वितरण समारोह के मुख्य अतिथि हेडमास्टर खोलझर पवन कुमार बम्बोडे थे। कार्यक्रम को संबोधित करते हुए उन्होंने कहा कि आज रमतरा में युवा वर्ग आगे बढ़ रहे हैं। अध्यक्षता करते हुए जिला पंचायत सभापति ललिता पीमन साहू ने कहा कि अयोध्या में भगवान राघवेंद्र विराजित हैं, जिनका स्वरूप आज रमतरा गांव में देखने को मिल रहा है। कार्यक्रम को भुनेश्वर साहू, देवनारायण सिन्हा, हेमन्त ग्वालेन्द्र, भारत हिरवानी, उपेंद्र चौधरी ने भी संबोधित किया। समिति द्वारा सभी अतिथियों को भगवान राघवेंद्र का छाया चित्र एवं पीला वस्त्र भेंट किया गया। इस अवसर पर केदार कुरपाल, ताम्रध्वज हिरवानी, जितेन्द्र सोनगेरवा, तुकेश सोनगेरवा, नीलेश चौधरी, खिलेन्द्र चौधरी, मुकेश चौधरी, यशवंत ठाकुर, डिगेश्वर हिरवानी एवं समिति सदस्य उपस्थित थे।



# जिलास्तरीय स्वच्छता संवाद में 90 प्रतिभागियों ने लिया हिस्सा

हरिभूमि न्यूज ▸▸ दुर्ग

■ स्वच्छता की ली शपथ

जिला पंचायत सभागार में स्वच्छता संवाद कार्यक्रम का आयोजन किया गया। जिसमें जिला स्तर से विभिन्न विभागों स्वास्थ्य विभाग, पीएचई, जल संसाधन विभाग, सरपंच, सचिव, एनआरएलएम के प्रतिनिधियों एवं जनपद पंचायत स्तर से उत्कृष्ट कार्य करने वाले 20-20 ग्राम पंचायतों के सरपंच, सचिव, पंच, स्वच्छाग्राहियों कुल 90 प्रतिभागियों द्वारा हिस्सा लिया गया। स्वच्छता ही सेवा 2024 की थीम स्वभाव स्वच्छता संस्कार स्वच्छता पर संवाद कार्यक्रम का आयोजन किया गया। जिसमें वाटरएड संस्था द्वारा विगत 05 वर्षों से जिला दुर्ग में किये गये कार्यों की प्रदर्शनी लगाई गई। स्वच्छता ही सेवा 2024 अंतर्गत ग्राम पंचायतों में की जा रही गतिविधियों में मुख्यतः जनभागीदारी को बढ़ाने पर संवाद किया गया। शाला के बच्चों को स्वच्छता आधारित निबंध, भाषण पेंटिंग, वाद विवाद, खेल-कूद आदि गतिविधियों के माध्यम से स्वच्छता के प्रति जागरूक करना एवं प्रत्येक शाला में बाल सदन का गठन करने की बात रखी गई। स्वास्थ्य विभाग द्वारा बाजारों में बाहर मिलने वाली खाद्य सामग्री को असुरक्षित बताते हुए घर के बने हुए खाने का ही प्राथमिकता देने की जानकारी दी गई। स्वास्थ्य विभाग द्वारा विभिन्न ग्राम पंचायतों में स्वच्छता शिविर के माध्यम से ग्रामीणों के स्वास्थ्य जांच एवं निःशुल्क दवा वितरण का कार्य किया जा रहा है। ग्राम पंचायतों में स्वच्छाग्रही दीदीयों द्वारा गावों में कचरा एकत्रीकरण कर गांव को स्वच्छ बनाने में दिए जा रहे योगदान में सभी की सहभागिता सुनिश्चित करने हेतु स्वच्छ भारत मिशन ग्रामीण के जिला समन्वयक गिरीश माथुरे द्वारा किया गया। प्रशिक्षण में जिला समन्वयक, राजेश तांडेकर, जिला सलाहकार नागेश चंद्रवंशी, सरपंच मुर्रा गोपेश साहू, टीकाराम देवांगन, कृष्ण कुमार साहू, खिलेश्वरी टंडन, सौरभ कुमार, सुरेश कुमार कापसे हेमा देवांगन उपस्थित रहे।



## दुर्ग से अलग होकर नांदगांव में बनेगा नया डाक संभाग

हरिभूमि न्यूज ▸▸ दुर्ग

आगामी अक्टूबर माह से छत्तीसगढ़ डाक परिमंडल में राजनांदगांव नया डाक संभाग गठित कर दिया गया है। यह कार्यालय 1 अक्टूबर से काम करने लगेगा। जहां एक संभागीय अधीक्षक पदस्थ किया जाएगा। दुर्ग संभाग को विभाजित कर नांदगांव को नया संभाग बनाने की कवायद बाते दो तीन वर्षो से चल रही थी। अंततः केंद्रीय संचार मंत्रालय और डाक महानिदेशालय ने इसके आदेश जारी कर दिए हैं। इसके मुताबिक नए डाक संभाग में नांदगांव के साथ नवगठित मोहला मानपुर, खैरागढ़ कवर्धा से लेकर पंडरिया तक का क्षेत्र शामिल किया गया है। इसके साथ ही छत्तीसगढ़ परिमंडल में अब सात संभाग हो जाएंगे। इस समय सरगुजा, रायगढ़, बिलासपुर, रायपुर, दुर्ग और बस्तर संभाग हैं। कुछ वर्ष पूर्व ही रायगढ़ को विभाजित कर सरगुजा संभाग का गठन किया गया था। और अब बस्तर को दो हिस्सों में बांटकर कांकेर में भी संभागीय कार्यालय खोलने की चर्चाएँ चल रही हैं। नया डाक संभाग बनने के बाद राजनांदगांव के लोगों को पेंशन व दावा क्लेम सहित अन्य कार्यो के लिए दुर्ग तक आने की जरूरत नही होगी। बल्कि उनकी सुनवाई अक्टूबर से नया डाक संभाग में होगी।

# विद्युत उपभोक्ताओं पर जागरूकता कार्यशाला, जुटे किसान, छात्र, व्यापारी

**दुर्ग।** जिले में होटल कैमबीन में भिन्न-भिन्न विद्युत उपभोक्ताओं की विद्युत बचत व अक्षय ऊर्जा के संबंध में जागरुकता कार्यशाला का आयोजन सिटीजन कंज्यूमर एंड सिविक एक्शन ग्रुप (सीएजी) व अनमोल फाउंडेशन के संयुक्त तत्वावधान में आयोजित की गई। जिसमें जिले के 35 किसान, छात्र, व्यापारी, मीडिया प्रतिनिधि, प्रोफेसर, घरेलू उपभोक्ता शामिल हुए। मुख्य अतिथि के रूप में संयुक्त कलेक्टर हरवंश सिंह मिरी व डिप्टी कलेक्टर उत्तम कुमार शामिल हुए और कार्यक्रम की सराहना करने हुए विद्युत बचत के लिए लोगों को प्रोत्साहित करने पर बल दिया। फाउंडेशन के निदेशक संजय शर्मा ने बताया कि, इस कार्यक्रम की जरूरत इसलिए हुए की हम अपने खनिज संसाधनों को कैसे बचाए, विद्युत कैसे बचा सकते है इसके बारे में एक्सपर्ट से जानना, अक्षय ऊर्जा के संबंध में शासन के योजना के बारे में विभाग के अधिकारियों से जानकारी उपलब्ध कराना। कार्यक्रम को संबोधित करते हुए सीएजी के भारत राम ने बताया कि, सीएजी देश के 5 राज्यों में विभिन्न सहयोगी एनजीओ के साथ विद्युत कंज्यूमर के संबंध में कार्य कर रहे है।



### चलाए जा रहे योजना की दी जानकारी

कार्यक्रम को संबोधित करते हुए क्रेडा जिले के प्रभारी सहायक यंत्री रविन्द्र देवांगन ने सौर ऊर्जा, गोबर गैस, सूर्य घर योजना, सोलर की आफग्रिड व आन ग्रिड पावर प्लांट, सोलर टैंक, सोलर पंप, कुसुम योजना के बारे में विस्तार से जानकारी दी गई। भिलाई स्टील प्लांट के पूर्व जीएम वेंकट सुब्रमण्यम ने उद्योगों में किस तरह विद्युत खपत को करने के लिए प्रयास किए जा रहे हैं, उनकी जानकारी विस्तार से दी गई। डॉक्टर दानेश जोशी विभागाध्यक्ष जर्नलिज्म एवं मास कम्युनिकेशन विभाग श्री शंकराचार्य प्रोफेशनल विश्व विद्यालय भिलाई ने विद्युत ऊर्जा व अक्षय ऊर्जा के संबंध में व्यापक जागरुकता में मीडिया एक बड़ी भूमिका हो सकती है।

## सरकार की कृषि नीति, कार्यक्रम और योजनाओं पर होगी चर्चा

# धमधा के लिटिया में किसानों का होगी महापंचायत

हरिभूमि न्यूज ▸▸ दुर्ग

■ अक्टूबर माह में बड़ी सभा की तैयारी में जुटे किसान

छत्तीसगढ़ प्रगतिशील किसान संगठन द्वारा हर साल प्रदेश स्तरीय किसान महापंचायत का आयोजन किया जाता है। इस साल भी किसान महापंचायत का आयोजन करने पर विचार करने के लिए संगठन के दुर्ग जिले की बैठक नगपुरा में रखी गई थी। बैठक में 20 अक्टूबर को धमधा ब्लाक के लिटिया में कार्यक्रमों पर प्रस्ताव पारित किया गया।

बैठक के दौरान किसानों ने आरोप लगाया हैं कि, बाढ़ से फसलों को हुई क्षति के लिए राहत राशि देने से बचने के लिए क्षति कम दर्शाई गई है। विगत दिनों शिवनाथ नदी और सहायक नदी नालों में बाढ़ में कारण खेतों में कई दिनों तक पानी भरा हुआ था। आमनेर सहित सहायक नदी नालों के आसपास के गांव में धान और उद्यानिकी फसलों को 50 प्रतिशत से अधिक क्षति हुई है, सिलि, परसुली, तुमा, गाड़ाघाट आदि गांवों में 100 प्रतिशत तक नुकसान हुआ है। आरबीसी 6-4 में 33 फीसदी से अधिक क्षति होने पर राहत राशि देने का प्रावधान है, इससे बचने के लिए शासन के निर्देश पर क्षति को 33 प्रतिशत से कम दर्शाई गई है।



### धान की खरीद 4 नवंबर से शुरू करें

किसान संगठन की बैठक में 1 नवम्बर को दीवाली त्यौहार को ध्यान में रखते हुए धान की सरकारी खरीद 4 नवम्बर से शुरू करने की मांग की है। कंगना रनौत को गिरफ्तार करने और भाजपा से बर्खास्त करने की मांग की गई। छत्तीसगढ़ प्रगतिशील किसान संगठन की नगपुरा बैठक में मालूद, बेलौदी, नगपुरा, बोरई, खुर्सीडीह, टेकापार, हसदा, अंजोरा, डोमा, सिलतरा, फुंड़ा आदि गांवों से नकुल वर्मा, ओंकार साहू, कांतिलाल देशमुख, नरेन्द्र साहू, परमानंद यादव, आदि उपस्थित थे।

सिद्धीविनायक नवजात शिशु एवं बालरोग हॉस्पिटल
अम्बेडकर चौक के पास, रूद्री रोड, धमतरी (छत्तीसगढ़)
आयुष्मान भारत कार्ड द्वारा निःशुल्क इलाज की सुविधा
डॉ. विजय रावत
(MBBS/DCH)
नवजात शिशु एवं बालरोग विशेषज्ञ
पूर्व चिकित्सक चंडीगढ़
14 बिस्तरों का सर्वसुविधायुक्त नवजात शिशुओं का ◆ State of the art NICU including care for Preterm, Term
A/C प्राइवेट रूम की व्यवस्था एवं Ventilator की सुविधा ◆ वातानुकुलित बच्चों का वार्ड
Multi Para Monitors / Bubble CPAP ◆ Low Birth Weight, Septic & Very Serious Newborn
Warmer Led Photo Therapy पीलिया के ईलाज के लिए ◆ प्रतिदिन समस्त टीकाकरण का उपलब्धता
Centralized Oxygen एवं Suctioning की व्यवस्था ◆ 24 घंटे पैथोलॉजी, फार्मसी, X-Ray की सुविधा उपलब्ध
मो. 9981321524/7223011528
समय : सुबह 10.30 से शाम 9 बजे (रविवार शाम बंद)

Health Town

राज-राजेश्वरी आयुर्वेदिक चिकित्सा केन्द्र
न्यूरो-पंचकर्मा चिकित्सा केन्द्र, रायपुर मो. 9039050422, 91794 55561
• स्लीप डिस्क, आर्थराइटिस • Back Pain, सायटिका • जोड़ो में दर्द, मांसपेशियों में दर्द
• जकड़न (Stiffness) व नशों का दबना • टेंडन एवं लिगामेंट इंजरी • सर दर्द, पॅरालिसीस • स्पांडिलाइटिस • गठिया रोग
डॉ. के.बी. श्रीनिवास राव
INTL Ayurvedic Consultant
राज्य अलंकरण अवार्ड से सम्मानित
अशोक विहार, स्ट्रीट नंबर 5, सरस्वती दाल मिल के सामने, मंडी गेट के सामने, पंडरी रायपुर। मनसा चैम्बर्स, कल्याण हॉस्पिटल के पीछे, बिलासपुर रोड, फाफाडीह रायपुर।

विज्ञापन हेतु संपर्क करें : 0771- 4242213, 7987119756, 9303508130

# दो दिन बाद शुरू होगी नवरात्रि, मां दुर्गा की प्रतिमाओं को अंतिम रूप देने में जुटे



हरिभूमि न्यूज ▶▶| बालोद

- समय पर आर्डर पूरा करने पूरा परिवार काम में जुटा

जिले में आगामी 3 अक्टूबर से क्वांर नवरात्रि की शुरुआत होने जा रही है। इसे देखते हुए मूर्तिकार माता दुर्गा के विभिन्न रूपों की प्रतिमाओं को अंतिम रूप देने में जोर-शोर से जुटे हुए हैं। ग्राम बरही गणेश, विश्वकर्मा, दुर्गा, लक्ष्मी जैसे अनेक प्रतिमा बनाने के लिए प्रसिद्ध हैं, जहाँ मूर्तियों के साथ ही मिट्टी से बने बर्तन सहित दीपावली व पोला त्यौहार से जुड़ी सामग्री बनाई जाती है।

इस कार्य में पुरुष मूर्तिकारों के साथ परिवार की महिलाएं और बच्चे जुटे नजर आ रहे हैं, जो परिवार की आमदनी का मुख्य स्रोत है। ग्राम बरही के मूर्तिकार तिलक राम चक्रधारी, कमल चक्रधारी, भूषण चक्रधारी ने बताया कि प्रत्येक वर्ष की भांति इस वर्ष भी दुर्गा और माता सरस्वती की मूर्तियां बनाई जा रही हैं। कुछ ही दिनों में नवरात्रि के पावन पर्व की शुरुआत होने वाली है, इसलिए बहुत जल्द मूर्ति बनाने का कार्य पूर्ण करने की तैयारी में जुटे हुए हैं।

### 10-11 फीट ऊंची मूर्तियों का भी हो रहा निर्माण

इस बार 10 से 11 फिट की ऊँची मूर्ति का निर्माण किया जा रहा है, जिसकी कीमत 50 हजार से 60 हजार रुपए तक है। उन्होंने बताया कि उन्हें महाराष्ट्र, मध्यप्रदेश से मिले ऑर्डर पर बनाया जा रहा है साथ ही जिलेवासियों के द्वारा अनेक मूर्तियों का ऑर्डर दिया गया है।

## खबर संक्षेप

### दुर्ग जिला पंचायत स्तरीय समिति के सदस्य बने धनराज



**जामगांव आर।** दुर्ग जिला के प्रभारी मंत्री एवं छत्तीसगढ़ शासन के गृहमंत्री विजय शर्मा ने अपने प्रभार जिला दुर्ग में विभिन्न समितियों में भाजपा कार्यकर्ताओं व सदस्यों का मनोनयन किया है। इसके तहत दुर्ग जिला पंचायत स्तरीय समिति में जामगांव आर भाजपा मंडल पूर्व अध्यक्ष धनराज साहू को सदस्य मनोनीत किया गया है।

### धानापुरी में रामधुनी सम्मेलन कल से

**गुरूर।** ग्राम धानापुरी में सेवा समिति शीतला पारा एवं समस्त ग्रामवासियों के सहयोग से दो दिवसीय भव्य रामधुनी सम्मेलन का आयोजन 1 व 2 अक्टूबर को किया जा रहा है। प्रतियोगिता में विभिन्न रामधुनी मंडलियां भाग लेंगी।

### बैंक खातों से करोड़ों का ट्रांजेक्शन, जुर्म दर्ज

**भिलाई।** बैंक खाते ट्रांजेक्शन कर करोडों की ठगी करने वाले दो युवकों के खिलाफ पुलिस ने धारा 318(4), 319(2),61(2) बी के तहत जुर्म दर्ज किया है। सीएसपी सत्यप्रकाश तिवारी ने बताया कि गदा चौक इंदिरा नगर निवासी धीरज महतो और रावणभाठा में रहने वाला मुकेश तांडी दोनों दोस्त है। दोनों ने शिकायत की है कि वर्ष 2023 में गोविंदा ने दोनों को झांसा देकरर भारत सरकार द्वारा चलाई जा रही सभी योजनाओं का लाभ दिलाने के नाम पर बैंक एकाउंट खोलने की बात कही। आईडीएफसी बैंक में खाता दोनों खुलवाया गया। इस बीच गोविंदा और रविकांत ने कहा कि दोनों का बैंक खाता, एटीएम ले जाना पड़ेगा। बैंक खाता को सिस्टम अपडेट करना होगा। दोनों शिकायतकर्ता एकाउंट और एटीएम लेकर उनके पास पहुंचे। तब पता चला कि करीब दोनों के खाते से 1 करोड़ 65 लाख रुपए का ट्रांजेक्शन किया गया है। मुंबई ब्रांच ने बैंक एकाउंट को होल्ड कर रखा है। पीड़ितों का होश उड़ गया। गोविंदा के खाता में 80 लाख और रविकांत के खाता में 85 लाख रुपए का ट्रांजेक्शन होने की पुलिस को पता चली है। दोनों खातों की डिटेल मंगाई जा रही है।

### शिक्षिका से एक लाख की ठगी, अपराध दर्ज

**भिलाई।** स्कूली शिक्षक से एक लाख रुपए का ठगी करने का मामला सामने आया है। शिकायत पर पुलिस ने धारा 318 (4) के तहत जुर्म दर्ज किया है। भिलाई नगर पुलिस ने बताया कि सेक्टर-10 सड़क 25 निवासी भानुजा सिरवैया शासकीय स्कूल मोहला मानपुर जिला में शिक्षक है। शिक्षिका ने मंत्रा ऐप से साड़ी का आर्डर किया था। क्वालिटी खराब होने के कारण साड़ी को लौटाने का निर्णय लिया। 22 सितंबर की शाम मोबाइल से मंत्रा ऐप साइड से आर्डर लौटाने पिकअप फेल होने के कारण गुगल से मंत्रा कस्टमर केयर नम्बर को सर्च किया। मिले नंबर में शिक्षिका ने कॉल किया। इस दौरान एक महिला ने कॉल रिसीव किया। महिला से बात कराने के लिये दूसरे मोबाइल नंबर से पीड़िता को रिटर्न वाट्सएप में वीडियो कॉल किया। वाट्सएप वीडियो कॉल में दिख रहे तीन बिन्दु जो दिख रहे है उस पर क्लिक करने की समझाइश दी।

## समस्या : तांदुला नदी किनारे स्थित रामघाट में हरियाली बेहतरीन, पर कीचड़ से परेशानी

# श्मशान घाट में कीचड़ व काई ने बढ़ाई समस्या हमेशा बना रहता है फिसलकर गिरने का खतरा

हरिभूमि न्यूज ▶▶| बालोद

जिला मुख्यालय से लेकर गांव तक लोगों को अंतिम संस्कार करने में भी कठिनाईयों का सामना करना पड़ रहा है। मृतकों को श्मशान घाट में पहुंचने पर भी सुकून नहीं मिलता, क्योंकि श्मशान घाट पहुँचमार्ग की हालत ही ऐसी है कि आप भी यहां पहुंचेंगे तो हालात देखकर खुद समझ जाएंगे।

दो अलग अलग श्मशान घाट की तस्वीरें हैं। पहली तस्वीर जिला मुख्यालय के रामघाट तांदुला नदी के किनारे स्थित श्मशान घाट की है, जो बाहर से देखने पर काफी खुबसूरत और हरा भरा गार्डन की तरह है, जो आकर्षण का केंद्र है। लेकिन, यहां पहुंचते ही आप पैदल चल नहीं पाएंगे और अगर पैदल चलते भी हैं तो, गिरने के लिए भी तैयार रहें, क्योंकि यहां प्रवेश द्वार से लेकर दाहसंस्कार शेड वाले जगह तक सड़क में फिसलन भरी काई जमा है, जो लोगों को जमीन पर गिराने में कोई कसर नहीं छोड़ती। बीते कुछ दिनों में शहर के अलग अलग वृद्ध वरिष्ठजनों की मौत होने के बाद शहरवासी श्मशान घाट पहुंचे, जहां काई जमा होने के कारण फिसलन भरी सड़क देखकर लोग शिकायतें करने लगे। नगर पालिका अध्यक्ष व जिम्मेदार नगर पालिका प्रशासन को शहरवासियों के इस समस्या को दूर करने पहल करने की आवश्यकता है।



### शिकायत के बाद भी नहीं हुआ समाधान

ग्रामीणों द्वारा पंचायत के जिम्मेदारों को इसकी शिकायत भी की गई है, लेकिन अब तक किसी ने भी ध्यान नहीं दिया। बहरहाल ऐसे समस्याओं को शासन प्रशासन आखिर कब तक दूर कर पाता है, यह देखने वाली बात होगी। हरिभूमि ने जिला मुख्यालय से लेकर ग्रामीण इलाकों के भी श्मशान घाट की बदहाली की तस्वीरें लगातार प्रकाशित कर शासन-प्रशासन को इस समस्या का समाधान करने अवगत कराने का लगातार प्रयास किया है, लेकिन जिम्मेदार कब तक जागते हैं और समस्या का समाधान हो पाता है, यह तो आने वाला समय ही बताएगा।





### ग्राम मेढकी में भी स्थिति दयनीय

दूसरी तस्वीर जिला मुख्यालय से कुछ ही दूरी पर स्थित ग्राम पंचायत ओरमा के आश्रित ग्राम मेढकी की है। यहां के श्मशान घाट को देखकर अंदाजा लगाया जा सकता है कि ग्राम पंचायत के जिम्मेदारों द्वारा आखिर किस तरह की लापरवाही बरती जा रही है और ग्रामीणों को मिलने वाले उनके मौलिक अधिकार का कैसा हनन हो रहा है। दरअसल श्मशान घाट के आस पास खरपतवार है और मिट्टी होने के कारण बारिश की वजह से उक्त श्मशान घाट दलदल की स्थिति निर्मित हो चुकी है। यहां जान जोखिम में डालकर ही पैदल चलना पड़ रहा है।

### मनदलाल साहू शासकीय महाविद्यालय अरमरीकला में किया गया पौधारोपण



**बालोद/कलंगपुर।** मदनलाल साहू शासकीय महाविद्यालय अरमरीकला में शनिवार को युवा एवं खेल मंत्रलय द्वारा स्वच्छता ही सेवा अभियान के तहत कार्यक्रम अधिकारी प्रमोद भारती के निर्देशानुसार महाविद्यालय के राष्ट्रीय सेवा योजना के स्वयं सेवकों एवं महाविद्यालय के स्वयंसेवक प्रताप सार्वा एवं टेकराम पटेल द्वारा महाविद्यालय में पौधारोपण का कार्यक्रम किया गया। कार्यक्रम में धारणा, राजेश साहू, नीलकंठ, तुषार, अनिल, भूपेश, खिलजा, भारती, छत्रपाल, धनेंद्र, मुकुंद धात्री, सतीश, धनजय, लोचन, गजेंद्र, पोखन, डुमेश सभी स्वयंसेवकों का भी योगदान रहा।

### ग्राम पंचायत बासिन को मिला पानी टैंकर



**गुरूर।** जनपद पंचायत गुरुर में 15 वें वित्त आयोग जनपद विकास निधि से ग्राम पंचायत बासिन को पानी टैंकर प्रदान किया गया। अब ग्राम के लोगों को पेयजल संकट से मुक्ति मिलेगी। कार्यक्रम में उपाध्यक्ष जनपद पंचायत गुरुर तोषण साहू, सरपंच बासीन प्रमिला हिरवानी, डीआर हिरवानी, हुमन साहू, बीरेंद्र कुमार, भागवत निषाद, कोमल साहू, युवक राम आजु राम व पंच व ग्रामीण उपस्थित थे।

### घीना की टीम ने जीती क्रिकेट प्रतियोगिता



**बालोद।** ग्राम घीना (अर्जुन्दा) में आयोजित क्रिकेट प्रतियोगिता का समापन हुआ। प्रतियोगिता में प्रथम स्थान घीना की टीम ने प्राप्त किया, जिसे 15001 रुपये नकद प्रदान कर पुरस्कृत किया गया। इसी तरह द्वितीय स्थान गणेश खपरी 10001 रुपये, तृतीय स्थान रनचिरई 5001 रुपये, चतुर्थ स्थान मटेवा 2501 रुपये को पुरस्कार प्रदान कर सम्मानित किया गया।

### तलवार से हमला, पांच साल जेल

**भिलाई।** दुर्ग कोर्ट ने तलवार से हमला करने के आरोपी युवक को पांच साल सश्रम कारावास व 500 रुपए अर्थदंड की सजा सुनाई है। आरोपी युवक रंजिशवश अपने तीन दोस्तों के साथ मिलकर इस घटना को अंजाम दिया। कोर्ट ने आरोपी दिनेश चौरे 29 साल ओमनगर उरला थाना मोहननगर को यह सजा दी। मामले के मुताबिक घटना 29 जून की रात 9.30 बजे की है। आशीष मेश्राम काम कर रसमड़ा से अपने घर ओमनगर उरला लौट रहा था। उरला के पूर्वा किराना स्टोर्स के पास आरोपी दिनेश अपने साथी नीलेश, स्वपनील शर्मा और सतीश कुमार के साथ मिलकर आशीष को रोका और गाली गलौच की। मारपीट के दौरान आरोपी दिनेश ने तलवार से आशीष के सिर पर हमला किया और भाग निकले। लहुलूहान हाल में आशीष को अस्पताल में ले जाया गया। आशीष की मां लिहंता मेश्राम ने मोहनगर थाने में जाकर इसकी रिपोर्ट लिखवाई।

# एनएसएस के स्वयंसेवकों को मिला सी प्रमाण पत्र



हरिभूमि न्यूज ▶▶| बालोद/कलंगपुर

मदनलाल साहू शासकीय महाविद्यालय अरमरीकला के राष्ट्रीय सेवा योजना के स्वयंसेवकों को प्राचार्य डॉ यशवंत साव और कार्यक्रम अधिकारी प्रमोद भारती के द्वारा सी सर्टिफिकेट प्राप्त हुआ।

कार्यक्रम अधिकारी ने बताया की स्वयंसेविका स्वाति गंगबेर, सुमन साहू और पूजा साहू लगातार महाविद्यालय में 3 वर्षों तक राष्ट्रीय सेवा योजना के स्वयंसेवक रहे और लगातार जागरूकता कार्यक्रम में सहभागिता निभाते रहे और इन्होंने सी सर्टिफिकेट के लिए अलग–अलग विषय जैसे पर्यावरण संरक्षण, स्वच्छता अभियान, पोषण आहार आदि विषयों पर फाइल बनाकर विश्वविद्यालय में जमा किया था और साक्षात्कार के माध्यम से यह चयनित हुए और यह सर्टिफिकेट प्राप्त हुआ, स्वयंसेवको ने बतलाया की फाइल बनाने में वरिष्ठ स्वयंसेवक प्रताप सिंह और टेकराम पटेल का विशेष सहयोग और मार्गदर्शन रहा इनके सहयोग से हमने फाइल बनाया था।

# विद्यालय प्रबंधन समिति के सदस्य यमुना प्रसाद ने कराया न्योता भोज



**डौण्डीलोहारा।** ब्लाक की शासकीय प्राथमिक एवं पूर्व माध्यमिक शाला सहगांव में विद्यालय प्रबंधन समिति के सदस्य यमुना प्रसाद कोसार्य ने अपने सुपुत्र मधुसूदन कोसार्य व सुपुत्री सानिया कोसार्य के जन्म दिन पर न्योता भोज कराया। किरण वैष्णव ने राधा अष्टमी के अवसर पर न्योता भोज कराया। केशर अलेन्द्र ने अपने पितरों की स्मृति में न्योता भोज कराया। न्योता भोज में खीर-पूड़ी, पेड़ा व सेव-बूंदी परोसा गया। स्टाफ के शिक्षक शिक्षिकाओं व विद्यार्थियों ने हृदय से धन्यवाद दिया। इस अवसर पर केएल चुरेन्द्र, शरद मालेकर, नीलिमा राम, प्रीति चौहान, होमलाल पटेल, विजय कुमार पटेल, केशर अलेन्द्र, गिरीश कुमार निर्मोही, दीपा आमदो, दिलीप कुमार मेश्राम, जोहन तारम, प्रेमलाल निषाद, गोविन्द सिंह चुरेन्द्र सहित सभी शिक्षक-शिक्षिकाएं एवं विद्यार्थी उपस्थित थे।

### गांजा के साथ एक गिरफ्तार

**धमधा।** धमधा पुलिस ने मुखबिर की सूचना पर ग्राम रूहा में अपने बाड़ी में 2 नग गाँजे का पौधा लगाने वाले आरोपी गिरवर पिता बंशी पटेल 54 वर्ष को गिरफ्तार किया है। पुलिस ने बताया कि गिरवर पटेल पिछले 1 वर्ष से अपने घर की बाड़ी में 2 नग गांजे का पौधा लगाया था। साथ ही गांजा बेचने का काम भी करता था। सूचना पर 2 नग गांजे के पौधे वजन 8 किलो के साथ आरोपी को पकड़ा गया।

सभी बीमारियों में तुरंत आराम के लिए
तुलसी आयुर्वेदिक चिकित्सालय
तुलसी निवास, बस स्टैंड के पीछे, उपाध्याय नर्सिंग होम के सामने, धमतरी (छ.ग.) मो. 9993010732
वात रोग, सभी प्रकार के दर्द, गठियावात, सायटिका, झुनझुनीवात, कमर दर्द, घुटना दर्द, अकड़न, नस रोग, लकवा रोग का इलाज
चर्मरोग - दाद, खुजली, बेमची, मुंह में छाला होना, अल्सर, कैंसर
पेट रोग - कब्ज, गैस, भूख न लगना, खट्टी डकार आना, पेट में दर्द होना
बवासीर - मस्सा होना, खून निकलना, खुजली होना, दर्द होना
पुरूष रोग - धातुस्राव, शीघ्रपतन, शुक्राणु की कमी, कमजोरी
स्त्री रोग - लाल, सफेद पानी आना, बच्चादानी में गांठ, मासिक रुकावट
बुखार, सर्दी-खांसी, स्वांस-दमा, केश रोग व दांत रोग का ईलाज

### प्रधानमंत्री मोदी के रेडियो कार्यक्रम का किया गया सीधा प्रसारण

# ग्राम डूमरडीह में विधायक ललित एवं भाजपा नेताओं के साथ ग्रामीणों ने सुनी मन की बात

हरिभूमि न्यूज ▶▶| अंडा

दुर्ग ग्रामीण विधानसभा क्षेत्र अंतर्गत रविवार को ग्राम डूमरडीह में बूथ नम्बर 157 वार्ड 03 पर दुर्ग ग्रामीण विधायक राज्य ग्रामीण अन्य पिछड़ा वर्ग क्षेत्र विकास प्राधिकरण उपाध्यक्ष ललित चंद्राकर ने प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के मन की बात कार्यकर्ताओं के साथ सुना।

29 अगस्त 2024 प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी मन की बात कार्यक्रम के जरिए देशवासियों को संबोधित किया। बता दें कि मन की बात का यह 114वां एपिसोड था। इस अवसर पर विधायक द्वारा चल रहे देशव्यापी भारतीय जनता पार्टी सदस्यता अभियान कार्यक्रम के तहत भारतीय जनता पार्टी के सदस्य बनाएं और लोगों को भारतीय जनता पार्टी के रीति निति से अवगत कराया और अधिक से अधिक संख्या में भारतीय जनता पार्टी के सदस्य लेने प्रेरित किया और केंद्र सरकार और राज्य सरकार के जनकल्याणकारी योजनाओं के बारे में जानकारी देकर लाभ लेने के लिए प्रेरित किया। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने रविवार को रेडियो कार्यक्रम 'मन की बात' कार्यक्रम को संबोधित किया। इस दौरान उन्होंने 'मन की बात' कार्यक्रम के 10 साल पूरे होने पर भी बात की। इस अवसर पर प्रमुख रूप से सरपंच चक्षु प्रभा महामंत्री सोनू राजपूत वरिष्ठ भाजपा नेता चंदू देवांगन, लक्ष्मीनारायण साहू चंद्रहास चेलक दीपक यादव हरीश यादव तिलेश्वर यादव संध्या भारती कुसुम लता सुमन दीपक विश्वकर्मा जागेश्वर महाराज अमर सिंह बंजारे बालचंद बंजारे मेघु मधुकर भगवत दास सहित बड़ी संख्या में ग्रामवासी उपस्थित रहे।





